**पूर्वोत्तर रेलवे**

*श्री निखिल पाण्डेय ,* वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री दया शंकर,** कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

# ''लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी0से0ई0(रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।

द्वारा


एस0 के0 श्रीवास्तव
मुख्य योजना निरीक्षक

जी0डी0 उपाध्याय
कार्यकुशलता निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर



कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/11/2018–19

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2018–19/11


*******

# <u>अधिशासकीय सार</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 11 / 2018–19 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2018–19 / 11 |
| 4. | विषय | – | ''लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सीसेइं(रेलपथ) / गोरखपुर पश्चिम के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | इंजीनियरिंग |
| 6. | प्राधिकार | – | वर्ष 2018–19 के कार्याध्ययन सूची के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | सीसेइं (रेलपथ) गोरखपुर पश्चिम के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना। |
| | | (2) | कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना। |
| | | (3) | आवश्यकता से अधिक पाए गए पदो के अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना। |
| 8. | कर्मचारी की स्वीकृत संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 283 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या–II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 24 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | **रू0 162.83 लाख प्रतिवर्ष** |
| 12. | वितरण तिथि | – | जनवरी / 2019 |

*******

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 1–2 |
| | प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें । | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | 3–5 |
| | कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या। | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | 6–9 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ। | |


*******

# (I)

## आभार

कार्याध्ययन दल श्रीमती  विजय लक्ष्मी कौशिक,मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ श्री आर0 के0 श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), लखनऊ, के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम के प्रति भीआभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वांछित सूचनायें एवं आंकड़े समयानुसार उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुतियाँ

| क्रमांक | संस्तुतियॉ | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0/रेल पथ/गोरखपुर पश्चिम के अधीन ट्रैकमैन के 24 पद जो आवश्यकता/कार्यभार से अधिक पाये गयें है एवं रिक्त चल रहें हैं, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय । | 3.4.1 |

********

# (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आंकलन निम्नवत् हैः–

| पदनाम | वे0मान | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह(रू0 में) | बार्षिक आवर्ती बचत(रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक मैन | 5200-20200 | 1800 | 24 | 56538 | 1356912 | 16282944 |
| **योग** | | | **24** | | | **16282944** |

**रू0 एक करोड़ बासठ लाख बयासी हजार नौ सौ चौवालिस मात्र ।**

******

# अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

**1.1** किसी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कारगर परिवहन आधार संरचना का मौजूद होना अति आवश्यक है। भारतवर्ष में रेलवे परिवहन का सबसे सुरक्षित, सस्ता एवं सुलभ साधन है। ट्रेनों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन हेतु ट्रैक का रख–रखाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य है, परन्तु ट्रैकों के रख–रखाव में अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग को देखते हुए अनुरक्षण के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को औचित्यपूर्ण नहीं ठहराया जा सकता है। साथ ही साथ कार्य क्षेत्र के अधिकाधिक भाग में ठेकेदारी प्रथा के समावेश से कार्यभार बहुत हद तक अपेक्षाकृत कम हो गया है।

**1.2** अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''लखनऊ मण्डल के इन्जीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी.से.ई. (रेलपथ)/ गोरखपुर पश्चिम के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन प्रारम्भ किया गया तथा कार्याध्ययन सम्पन्न करके अन्तिम स्वरूप दिया गया है।

**1.3** कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है :–

(i) सी.से.ई. (रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना।

(ii) कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना।

(iii) आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो ंके अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना।

1.4 **<u>कार्याध्ययन विधि</u>**

1. सी.से.ई.(रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम द्वारा कार्यभार का विस्तृत विवरण प्राप्त करना।

2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) द्वारा दिये गये सभी आंकड़ों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करना।

3. संबंधित पर्यवेक्षकों से गहन विचार—विमर्श करना एवं उनके द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार करना।

4. कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक दृष्टिकोण, वेंचमार्किंग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना तथा अन्य सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यों हेतु भी कर्मचारियों की गणना करना।

******

## अध्याय– द्वितीय

### 2.0 कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या :–

2.1 **कर्मचारी संख्या** :– लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग शाखा के सी.से.ई. (रेलपथ)/गोरखपुर/पश्चिम के अन्तर्गत कर्मचारियों की कोटिवार स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण निम्नवत् है। कर्मचारी स्वीकृत संख्या की स्थिति 01.04.2018 की अनुमोदित बी0ओ0एस0–।।। के अनुसार निम्न है :–

### 2.1.1 सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम –कोटिवार सारांश :–

| क्र.सं. | कोटि | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेट | 02 | 02 |
| 2 | की–मैन | 18 | 18 |
| 3 | ट्रैकमैन | 186 | 135 |
| 4 | ट्रालीमैन | 12 | 12 |
| 5 | गेटमैन | 50 | 46 |
| 6 | लोहार | 04 | 02 |
| 7 | वेल्डर | 02 | 01 |
| 8 | कारपेन्टर | 01 | 00 |
| 09 | चौकीदार | 03 | 00 |
| 10 | खलासी | 04 | 00 |
| 11 | फिटर | 01 | 00 |
| | **योग** | **283** | **216** |

2.1.2 <u>सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम के अन्तर्गत मानव संचालित गेटों का विवरण</u> :—

| क्र.सं. | गेटों की सं. | श्रेणी | पाली की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 162 | स्पेशल | 08 घंटा |
| 2 | 164 | सी | 12 घंटा |
| 3 | 165 | सी | 12 घंटा |
| 4 | 167 | बी—1 | 12 घंटा |
| 5 | 168 | बी—2 | 12 घंटा |
| 6 | 170 | बी—1 | 12 घंटा |
| 7 | 171 | बी—2 | 12 घंटा |
| 8 | 174 | सी | 12घंटा |
| 9 | 175 | ए | 12 घंटा |
| 10 | 176 | सी | 12 घंटा |
| 11 | 177 | बी—1 | 12 घंटा |
| 12 | 181 | बी—2 | 12 घंटा |
| 13 | 182 | बी—2 | 12 घंटा |
| 14 | 183 | ए | 12 घंटा |
| 15 | 185 | बी—2 | 12 घंटा |
| 16 | 186 | सी | 12 घंटा |
| 17 | 187 | ए | 12 घंटा |
| 18 | 190 | बी—2 | 12 घंटा |

## 2.2 सी0से0ई0(रेलपथ)/गोरखपुर/पश्चिम का कार्यक्षेत्र :–

सी0से0ई0(रेलपथ)/गोरखपुर पश्चिम के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र का विवरण निम्नवत् है :–

**(i)** किमी506/0 (गोरखपुर धर्मशाला) से 557/0 (मुण्डेरवा स्टेशन से थोड़ा आगे) तक।

**सी0से0इं0/रेलपथ/सहजनवां** :–
किमी0 506/0 से 529/0

**सी0से0इं0/रेलपथ/खलीलाबाद का कार्यक्षेत्र** :–
किमी0 529/0 से 557/0 तक।
इसके अतिरिक्त दो सीसेइं0/रेलपथ/स्पेशल कार्यरत है। जो क्रमशः सहजनवॉ एवं खलीलाबाद में पदास्थापित है।

## 2.3 पी0वे0 मेट के कार्य :–

1. गैंग के कार्यो का पर्यवेक्षण करना।
2. गैंग को संरक्षा नियमों से अवगत कराना।
3. टूल्स/औजारों का रख–रखाव करना।
4. ट्रैक का साप्ताहिक निरीक्षण करना।
5. गैंग के द्वारा सम्पादित कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराना।

## 2.4 की`मैन के कार्य :–

1. ट्रैक का प्रतिदिन दो बार पेट्रोलिंग करना।
2. पेण्ड्राल एवं टंग रेल का ग्रीसिंग करना।
3. क्रासिंग नोज का ग्रीसिंग करना।
4. लूज फिटिंग को टाइट करना।
5. जंगल सफाई करना।

## 2.5 ट्रैकमैन के कार्य :–

1. ट्रैक की खोलाई (oH) कार्य।
2. ट्रैक की पैकिंग।
3. ट्रैक की हंच क्लीनिंग।
4. ट्रैक में लगे फिश प्लेट/फिश बोल्ट की आयलिंग, ग्रीसिंग कार्य।
5. समपारों का रख रखाव।

******

# अध्याय – तृतीय

## 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 विषयक कार्याध्ययन रेल की संरक्षा से संबंधित है। इस कार्याध्ययन में कार्य करने की विपरित एवं दुरूह परिस्थितियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रौलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन आवरस, विभिन्न क्षेत्रीय रेलों पर ट्रैक मेन्टिनेन्स पर उपभोग होने वाले मैन पावर की बेंचमार्किंग, पर्यवेक्षकों एवं काम करने वाले कर्मचारियों से विचार–विमर्श इत्यादि को कर्मचारी संख्या के आंकलन में प्रमुख आधार रखा गया है।

## 3.2 सीसेइं/पीवे/गोरखपुर पश्चिम हेतु आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलनः–

### 3.2.1 पी.डब्ल्यू.एस./मेट/की मैन के पदों का आंकलनः–

सी0से0ई0/रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्रों को 07 गैंगबीट में बॉटा गया है। गैंग बीट की लेन्थ को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक गैंगबीट में 01 मेट एवं 01 की मैन की आवश्यकता की दर से कुल 14 कर्मचारी संख्या प्रस्तावित किये जाते है।

### 3.2.2 ट्रैकमैन के पदों का आंकलन :–

बीजी. डबल लाइन, ट्रैफिक डेन्सिटी एवं संरक्षा को सर्वोपरि रख कर ट्रैक मेन्टिनेंस आवर्स को दृष्टिगत रखते हुए 15 ट्रैकमैन प्रति गैंग बीट की दर से प्रस्तावित किए जाते है। इस प्रकार 07 गैंग बीट हेतु कुल 07 X15 = 105 ट्रैकमैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

### 3.2.3 ट्रालीमैन के पदों का आंकलनः–

सी0से0ई0/रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 03 सीसेइं को ट्राली सुविधा प्रदान की गयी है। जो क्रमशः सीसेइं/रेलपथ/गोरखपुर/पश्चिम प्रभारी सीसेइं/पीवे/सहजनवॉ एवं सीसेई/रेलपथ/खलीलाबाद के पास है। प्रति ट्राली 04 ट्रालीमैन के अनुसार 03 ट्रालियों हेतु 04X03 =12 ट्रालीमैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.4 **गेट मैन के पदों का आंकलनः—**

सी0से0ई0 रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में कार्यशील गेटों का विवरण अध्याय—2 में दर्शाया गया है। जिसके अनुसार स्पेशल क्लास, ए एवं बी क्लास पर आठ घंटे की पाली एवं सी क्लास गेटों पर 12 घंटे की पाली के अनुसार गेटमैनों की कुल आवश्यकता का आंकलन निम्नवत् किया गया है। विदित है कि सीसेइं/पीवे/गोरखपुर/पश्चिम के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 13 स्पेशल/ए/बी क्लास के गेट है तथा 05 गेट सी क्लास के हैं।

| | | |
|---|---|---|
| स्पेशल/ए/बी क्लास के कुल 13गेट हेतु गेटमैनों की आवश्यकता | = 13 X 03 | = 39 |
| सी क्लास के 05 गेटों हेतु कुल गेटमैनों की आवश्यकता | = 05 × 2 | = 10 |
| योग | | = 49 |
| विश्रामदाता | | = 08 |
| कुल योग | | = 57 |

3.2.5 **आर्टीजन एवं हेल्पर खलासी कैटेगरी के पदों का आंकलनः—**

सीसेइं/रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम के अधीन विभिन्न आर्टीजन संवर्ग के कार्यों हेतु उनके कार्यभार एवं आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार कर्मचारी संख्या प्रस्तावित की जाती है :—

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पेन्टर | 01 |
| 2 | वेल्डर | 02 |
| 3 | लोहार | 02 |
| 4 | कारपेंटर | 01 |
| 5 | हेल्पर खलासी | 06 |
| **योग** | | **12** |

3.2.6 **चौकीदार के पदों का आंकलनः—**

सी0से0ई0/रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम के कार्यालय, स्टोर, वर्कशाप इत्यादि के चौकीदारी कार्यों हेतु 12—12 घंटे के अनुसार 02 एवं विश्रामदाता रूप में 01 चौकीदार कुल 03 चौकीदार प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.7 विविध/अलेखांकित कार्यो हेतु पदो का आंकलन :–

<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th>कार्य का विवरण</th><th>पदों की संख्या</th></tr>
<tr><td>1</td><td>विविध प्रकार की पेट्रोलिंग कार्य जैसे फॉग सिगनल, मानसून पेट्रोलिंग एवं संरक्षा पेट्रोलिंग संबंधी कार्यों हेतु।</td><td rowspan="2">25</td></tr>
<tr><td>2</td><td>पीवे यूनिट मुख्यालय से बाहर मंडलों में विविध कार्यों के संबंध में एवं मैटेरियल के आदान प्रदान, इश्यू नोट एवं चेंजिग कार्यों के लिए। स्पेशल वर्क, तथा सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों के लिये मल्टीपरपज रूप से कार्य करने के लिए।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>कार्यालय के कार्य में सहयोग, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आवश्यक कार्य विवरणी तैयार करना, टीएमएस में फीडिंग तथा अन्य विविध एवं अलेखांकित कार्यों के संबंध में।</td><td>02</td></tr>
<tr><td colspan="2">योग</td><td>27</td></tr>
</table>

**3.2.8 सीसेइं/रेलपथ/गोरखपुर पश्चिम हेतु आंकलित/प्रस्तावित पदों की समरीः–**

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेट/की मैन | 14 |
| 2 | ट्रैकमैन | 105 |
| 3 | ट्रालीमैन | 12 |
| 4 | गेटमैन | 57 |
| 5 | आर्टीजन एवं खलासी | 12 |
| 6 | चौकीदार | 03 |
| 7 | विविध कार्यों हेतु ट्रैकमैन | 27 |
| | **योग** | **230** |
| | **अवकाशदाता @ 12.5%** | 29 |
| | **कुल योग** | **259** |

**3.3** <u>स्वीकृत एवं प्रस्तावित पदों की समरी</u> :—

| पीवे यूनिट | स्वीकृत संख्या | प्रस्तावित संख्या | सरप्लस |
|---|---|---|---|
| गेरखपुर / पश्चिम | 283 | 259 | 24 |
| **योग** | 283 | 259 | 24 |

**3.4** <u>संस्तुतिः</u>—

3.4.1 **यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0 / रेल पथ / गोरखपुर पश्चिम के अधीन ट्रैकमैन के 24 पद जो आवश्यकता / कार्यभार से अधिक पाये गये हैं एवं रिक्त चल रहे हैं, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय ।**

******